# कोकाकोला समेत 85 उद्योग तय... टाटा-अमूल भी कतार में

## 15 बड़े निवेशक गोरखपुर में तलाश रहे जमीन, बड़े निवेशकों की तरफ से गीडा स्थापना दिवस समारोह में लगाई जाएगी प्रदर्शनी

अमर उजाला ब्यूरो

**बदल रहा है गोरखपुर**

**गोरखपुर।** औद्योगिक शहर बन रहे गीडा में देशभर के बड़े उद्यमी जमीन तलाशने लगे हैं। पेप्सिको का उत्पादन शुरू होने और कोकाकोला को जमीन आवंटित होने के बाद अब टाटा मोटर्स, अमूल इंडिया, श्री सीमेंट समेत करीब 15 बड़ी कंपनियां गोरखपुर में निवेश के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश में हैं।

गीडा के स्थापना दिवस समारोह में ये कंपनियां अपने स्टाल भी लगाएंगी। इसके लिए मुख्य मंच के बायीं तरफ व्यवस्था की गई है। इन्वेस्ट यूपी के इन स्टाल पर आ रहे उद्यमियों में से कुछ ने धुरियापार में जमीन भी देखी है।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में महज आठ साल पहले तक कोई फैक्टरी लगाने को तैयार नहीं था। माहौल बदला तो एक के बाद एक बड़े निवेशक गोरखपुर की ओर चल पड़े। तत्वा प्लास्टिक, ज्ञान डेयरी से उत्पादन के बाद पिछले दिनों 1100 करोड़ निवेश कर वरुण बेवरेज ने पेप्सिको प्लांट लगाया और रिकॉर्ड समय में इससे भी उत्पादन शुरू हो गया। अब इसके बाद कोकाकोला कंपनी को भी 17 एकड़ जमीन पेप्सिको के बगल में ही मिल गई है।

लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ करीब 800 एकड़ जमीन में इंडस्ट्रियल हब बनाया जा रहा है। लिंक एक्सप्रेस-वे से लखनऊ, वाराणसी की दूरी कम हो गई है। इसके लखनऊ-मुजफ्फरपुर हाईवे से जुड़ने के कारण सोनौली और बिहार की तरफ आवागमन भी आसान हो गया है। इसलिए उद्यमियों का फोकस लिंक एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ है। इसके अलावा धुरियापार में भी 5500 एकड़ में औद्योगिक क्षेत्र बन रहा है।

इसे देखते हुए कई बड़े निवेशक जमीन की तलाश में लगे हैं। चर्चा है कि लिंक एक्सप्रेस-वे के किनारे टाटा मोटर्स वेयरहाउस बनाने के लिए जमीन की तलाश में है।

इसी प्रकार श्री सीमेंट कंपनी धुरियापार में फैक्टरी लगाना चाहती है। इसके अलावा अमूल इंडिया, पीटीसी सिक्योरिटीज समेत कुछ और कंपनियां भी गीडा में निवेश के लिए जमीन खोज रही हैं। इससे पहले अदाणी समूह भी धुरियापार में सीमेंट फैक्टरी लगाने के लिए 55 एकड़ जमीन देख चुका है।



गीडा के स्थापना दिवस समारोह के लिए तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। संवाद

### *1068 करोड़ के निवेश से पांच हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा*

***गोरखपुर।*** *गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान कुल 3 लाख 27 हजार 313 वर्गमीटर क्षेत्रफल में लगने वाली 85 फैक्टरियों के लिए औद्योगिक भूखंडों का आवंटन हो गया है। जमीन पाने वालों में कोकाकोला, एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, एसएलएमजी पीईटी प्लांट, कपिला कृषि उद्योग, आइसन एयर कूलर, टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, मॉडर्न पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, नोवामैक्स इंडस्ट्रीज व होटल नीलकंठ ग्रैंड जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों की तरफ से 1068 करोड़ के निवेश से पांच हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।*

>> संबंधित पेज 4 पर